# यूपी में कारोबार का विस्तार करेगी सैमको म्यूचुअल फंड

**लखनऊ।** शेयर ब्रोकर कम्पनी सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड अपने कारोबार का यूपी में विस्तार करने जा रही है। खासकर युवाओं में म्यूचुअल फंड के प्रति बढ़ते क्रेज को देखते हुए उसने नई रणनीति तैयार की है। निवेशकों को पारदर्शी तरीके से प्रतिदिन सक्रीय शेयरों की सूची जारी करने का निर्णय लिया है। साथ में म्यूचुअल फंड में निवेश करने के इच्छुक लोगों को स्ट्रेस टेस्टेड इन्वेस्टमेंट की सुविधा भी दी जाएगी। जिससे कम जोखिम के साथ अधिक रिटर्न प्राप्त हो सकें।

यह बात रविवार को लखनऊ में स्कॉर्पियों क्लब आयोजित एक कार्यशाला में सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और निदेशक जिमीत मोदी ने की। उन्होंने बताया कि जनवरी 2022 में कम्पनी अपना नया न्यू फंड ऑफर भी शुरू करेगी। जिसका सर्वाधिक लाभ अच्छे रिटर्न के रूप में निवेशकों को मिलेगा।